J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
(formerly YMCA University of Science and Technology)
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING: 30.07.2021

THE TRIBUNE

ONLINE LITERARY EVENT

Faridabad: A two-day long online literary event on "polyphony" started on Thursday by the department of literature and languages of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad. The event was inaugurated by Vice-Chancellor Prof Dinesh Kumar. More than 150 participants attended the event, including several scholarly faculty members and students from universities across the world.

The Tribune Fri, 30 July 2021
https://epaper.tribun

Recognised by UGC under Section 2 (f) & 12 (B) of UGC Act, 1956 | Accredited 'A' Grade by NAAC

NEWS CLIPPING: 30.07.2021

HINDUSTAN

साहित्य और भाषा पर दिया जोर

कार्यक्रम

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

जेसी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के साहित्य और भाषा विभाग ने पॉलीफोनी नामक दो दिवसीय ऑनलाइन साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय मानविकी और साहित्य को बढ़ावा देने के प्रति सतर्क है और इस दिशा में भी काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल साहित्य और भाषा विभाग के लिए नहीं अपितु सभी के लिए महत्वपूर्ण हैं और विश्वविद्यालय के साहित्य और भाषा विभाग को इस दिशा में उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने पर बल देना चाहिए। इसमें कई देशों के करीब 150 शिक्षक और छात्रों की प्रतिभागिता रही।

शेक्सपियर के नाटकों पर की चर्चा

पहले दिन का 'रीविजिटिंग शेक्सपियर' के शीर्षक पर इवेंट का आयोजन किया गय। इसमें शेक्सपियर एसोसिएशन (इंडिया) के अध्यक्ष प्रो. भीम सिंह दहिया ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि शेक्सपियर की बौद्धिक पृष्ठभूमि पर चर्चा आवश्यक है। उन्होंने शेक्सपियर की नाटकीयता में दिखाई देने वाली लैंगिक भूमिकाओं पर बल दिया। उन्होंने छात्रों को शेक्सपियर के पात्रों में विविधता और महिलाओं की मानसिक और सांस्कृतिक श्रेष्ठता को समझने में मदद की। उन्होंने कहा कि शेक्सपियर की एक सच्चे कलाकार की तरह एक ईश्वरीय दृष्टि थी और वह सबसे महान साहित्यकार थे। उन्होंने कहा कि शेक्सपियर का हेमलेट अभी भी सबसे आकर्षक नाटकों में से एक है।

NEWS CLIPPING: 30.07.2021

NAVBHARAT TIMES

साहित्यिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस यूनिवर्सिटी के साहित्य व भाषा विभाग द्वारा दो दिवसीय ऑनलाइन साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पॉलीफोनी नाम से आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने किया। इसमें दुनिया की यूनिवर्सिटीज के लगभग 150 छात्र व शिक्षक हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन का इवेंट रीविजिटिंग शेक्सपियर शीर्षक पर आयोजन रहा, जिसमें शेक्सपियर असोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष प्रोफेसर भीम सिंह दहिया मुख्य वक्ता रहे। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, प्रोफेसर अतुल मिश्रा, डॉ. दिव्यज्योति सिंह, ममता बंसल आदि मौजूद रहे।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

(formerly YMCA University of Science and Technology)

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING: 30.07.2021

NAVBHARAT TIMES

पत्रकारिता को लेकर होगा वेबिनार

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कम्युनिकेशन व मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा शुक्रवार को एक वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। टेलिविजन पत्रकारिता तकनीक को लेकर मीडिया छात्रों के लिए यह वेबिनार बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज के सहयोग से किया जा रहा है। मीडिया की बात आपके साथ नामक वेबिनार श्रृंखला के तहत इस वेबिनार का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान दूरदर्शन न्यूज के वरिष्ठ कंसल्टिंग संपादक अशोक श्रीवास्तव छात्रों से संवाद करेंगे। वेबिनार की अध्यक्षता यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार करेंगे तथा अग्रवाल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.कृष्णकांल गुप्ता मुख्य अतिथि रहेंगे।